भारत सरकार

आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं0 2088

04 जुलाई, 2019 को उत्तर के लिए

ujyk e eVk jy dk foLrkj

2088. श्री हंस राज हंसः

क्या vkokl u vkj 'kgjh dk; मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार द्वारा बादली से नरेला तक मेट्रो रेल के विस्तार के किसी प्रस्ताव को पहले ही अंतिम रूप दे दिया गया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) विस्तार संबंधी कार्य के निष्पादन में विलंब के क्या कारण हैं; और

(घ) परियोजना को कब तक निष्पादित किया जाएगा?

<u>उत्तर</u>

आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री हरदीप सिंह पुरी)

(क): शहरी परिवहन, जोकि शहरी विकास का एक अभिन्न अंग है, राज्य का विषय है। अतः संबंधित राज्य सरकारें/शहरी स्थानीय निकाय (यूएलबी) मेट्रो रेल सहित शहरी परिवहन अवसंरचना की योजना और विकास हेतु उत्तरदायी हैं। केंद्र सरकार संबंधित राज्य सरकारों द्वारा मांग किए जाने पर प्रस्ताव की व्यवहार्यता और संसाधनों की उपलब्धता के आधार पर शहरों अथवा शहरी बस्तियों में मेट्रो रेल प्रस्तावों हेतु वित्तीय सहायता पर विचार करती है। इस समय, केंद्र सरकार को बादली से नरेला तक दिल्ली मेट्रो के विस्तार हेतु कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

(ख) से (घ): प्रश्न नहीं उठता।

****